an>

Title: Need to accord early approval to Padalsare Lower Tapti Project in Jalgaon district, Maharashtra.

श्री ए.टी. नाना पाटील (जलगांव) ः जलगांव जिले के अमलनेर तालुका (महाराÂट्र) में पडलसरे लोअर ताप्ती परियोजना नब्बे के दशक में बनाई गई थी ताकि इससे अमलनेर, पारोला, धारणगांव, एरंडोल और चोपडा तहसीलों के कमांड क्षेत्र में आने वाली उर्वर भूमि में लिफ्ट इरिगेशन के माध्यम से सिंचाई व्यवस्था की जा सके। यह परियोजना केंद्रीय जल आयोग की टेक्निकल एडवाइजरी कमेटी के पास पिछले तीन सालों से अनुमोदन हेतु लंबित है। अनुमोदन में देरी के कारण इस परियोजना के निर्माण हेतु भारत सरकार की "प्रधानमंत्री सिंचाई योजना" के तहत केंद्रीय सहायता उपलब्ध नहीं हो पा रही है। कई सालों के भयंकर सूखे के कारण किसान पहले ही काफी परेशान हैं तथा आत्महत्या कर रहे हैं। परियोजना के निर्माण में और देरी से स्थिति और भी खराब होने की संभावना है। ताप्ती व्याली योजना में यह लोअर ताप्ती सबसे बड़ी योजना है। इस योजना से भारत सरकार ने अपनी महत्वाकांक्षी दिल्ली-मुम्बई इण्डस्ट्रियल कॉरीडोर के लिए आवश्यक पानी इस योजना से आरक्षित किया है। इस योजना से महाराÂट्र के तीन से चार जिलों के किसानों को लाभ होने वाला है।

अतः मेरा केंद्र सरकार से अनुरोध है कि उक्त परियोजना को केंद्रीय जल आयोग द्वारा शीघ्रातिशीघ्र अनुमोदित किया जाए ताकि "प्रधानमंत्री सिंचाई योजना" के तहत इस परियोजना हेतु केंद्रीय सहायता उपलब्ध हो सके।